भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-298

उत्तर दिनांक - 27/11/2024 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना

298. श्री एस. जगतरक्षकन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) परमाणु विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए देश के कई राज्यों में अनुकूल स्थलों की तलाश कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) नाभिकीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने के लिए, एनटीपीसी ने विभिन्न राज्यों में संभावित हरित क्षेत्रों का अभिनिर्धारण किया है। हालांकि, परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप, नाभिकीय विद्युत संयंत्र के लिए स्थल की उपयुक्तता का आकलन किया जाता है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी ने राज्यों से स्थल की उपयुक्तता का पता लगाने के लिए अध्ययन करने हेतु मंजूरी देने का अनुरोध किया है।

यह ध्यान दिया जा सकता है कि एनटीपीसी ने एनपीसीआईएल के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी अश्विनी के माध्यम से नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन में अपनी शुरुआत की है। माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना (4 x 700 मेगावाट) को कार्यान्वयन के लिए एनपीसीआईएल से अश्विनी को अंतरित करने के लिए भारत सरकार ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

*****